





# जिले में अवैध खनन का बड़ा घोटाला








### लाखों करोड़ो का राजस्व घाटा प्रशासन की खामोशी पर सवाल

**जितेन्द्र पुरोहित**

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंकखुर्द तहसील के अंतर्गत नावदा गांव में सरकारी पहाड़ी भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक लगभग 15 बीघा सरकारी जमीन को बुरी तरह खोदा जा चुका है। कई स्थानों पर 30 से 40 फीट तक गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे न केवल पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो रहा है, बल्कि आसपास की जमीनों पर भूस्खलन और अन्य आपदाओं का जोखिम भी बढ़ गया है। नावदा गांव देवास शहर से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, फिर भी इस बड़े पैमाने की अवैध गतिविधि पर जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस की तरफ से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इस अवैध खनन से मुख्य रूप से पत्थर, मुरुम या अन्य खनिज पदार्थ निकाले जा रहे हैं, जिनकी बिक्री से माफिया को भारी मुनाफा हो रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इतनी बड़ी मात्रा में खनन से राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व घाटा हो चुका है, क्योंकि कोई रॉयल्टी, टैक्स या लाइसेंस फीस जमा नहीं हो रही। ग्रामीणों का कहना है कि यह घोटाला बिना किसी राजनीतिक-प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं हो सकता। रात भर मशीनों की आवाज गूंजती रहती है, लेकिन सुबह होते ही सब शांत। प्रशासन को पता है, फिर भी कोई नहीं आता, एक स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया। पर्यावरणविदों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्र में हो रही अनियंत्रित खुदाई से जलस्तर प्रभावित हो रहा है और जैव-विविधता को स्थायी नुकसान पहुंच रहा है। यह मामला मध्य प्रदेश में अवैध खनन के बढ़ते खतरे को एक बार फिर उजागर करता है, जहां कई जिलों में माफिया सक्रिय हैं और प्रशासन की मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं। स्थानीय लोग उच्च स्तरीय जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और तत्काल रोकथाम की मांग कर रहे हैं। यदि यह गतिविधि जारी रही तो न केवल सरकारी खजाने को भारी नुकसान होगा, स्थानीय निवासियों की जान-माल को भी खतरा बढ़ेगा। प्रश्न यह है कि आखिर कब तक अवैध खनन माफिया बेखौफ घूमते रहेंगे और सरकार अपने राजस्व तथा पर्यावरण की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगी? यह जांच का विषय है कि इस बड़े घोटाले के पीछे कौन कौन से लोग शामिल हैं।

### शाम सात बजे बाद से पूरी रात चलती है खुदाई

स्थानीय ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई दिनों से रात के अंधेरे में दो जेसीबी, एक पोकलैंड मशीन और 15-20 डंपरों की मदद से लगातार खुदाई की जा रही है। यह गतिविधि शाम सात-साढ़े सात बजे के बाद शुरू होकर पूरी रात चलती रहती है, जबकि दिन के उजाले में कोई निशान नहीं मिलता।

# पालनगर-नागदा पहाड़ी क्षेत्र के खेत में मृत मिला तेंदुआ



### वन विभाग जांच में जुटा

**देवास।** देवास शहर से सटे पालनगर-नागदा पहाड़ी क्षेत्र में शनिवार सुबह खेत में एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खेत पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुए को मृत देखकर तत्काल वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। प्रारंभिक जांच में तेंदुए की मौत खेत के आसपास लगी लोहे की जाली में फंसने से होना प्रतीत हो रही है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खेत में फसल सुरक्षा के लिए तारों में झटका मशीन (करंट प्रवाहित तार) लगाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है। आशंका है कि इसी करंटयुक्त तार की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हुई होगी। मौके पर मौजूद ग्रामीण मौसम पटेल ने बताया कि सुबह जब वे खेत पर पहुंचे तो तेंदुआ जाली में फंसा हुआ मृत अवस्था में मिला। उन्होंने बताया कि शुक्रवार शाम तक खेत में ऐसी कोई स्थिति नहीं थी, जिससे यह घटना रात के समय घटित होने की आशंका जताई जा रही है। घटना ने वन्यजीव सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जंगल का राजा कहे जाने वाले तेंदुए की इस तरह मौत होना न केवल चिंता का विषय है, बल्कि खेतों में अवैध रूप से लगाए जा रहे करंटयुक्त तारों पर भी सवाल खड़े करता है। फिलहाल वन विभाग द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच के बाद ही तेंदुए की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## एक नजर में

### कचरा संग्रहण गाड़ी में मेडिकल वेस्ट डालने पर एक लाख की चालानी कार्रवाई

**देवास।** महात्मा गांधी चिकित्सालय द्वारा निगम के कचरा संग्रहण वाहन मे कचरे के साथ मेडिकल वेस्ट आने पर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम द्वारा सूचना पत्र क्रमांक 10258/ दिनांक 29.12 2025 सिविल सर्जन के नाम से जारी किया गया था। उसके बाद दिनांक 2.1.26 को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर एमजी हास्पिटल से आया हुआ कचरा चेक किया। उसमें बहुतायत मात्रा मे मेडिकल वेस्ट आने के कारण निगम उपायुक्त आरती खेडेकर के द्वारा निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रविकृष्ण गोयनार के साथ महात्मा गांधी चिकित्सालय पहुंचकर डीएचओ डॉ. मनीषा मिश्रा से मिलकर मेडिकल वेस्ट मिक्स आने की जानकारी दी गई। उसके बाद दिनांक 3.1.26 को प्रात 8.30 बजे एमजी हास्पिटल पहुंकर निगम कचरा संग्रहण वाहन मे कचरा डालते समय कचरा चेक किया गया। उक्त कचरे मे बहुतायत मात्रा मात्रा मे मडिकल वेस्ट होने पर कचरा नही लिया गया एवं घटना की तत्काल जानकारी नगर निगम के ग्रुप, सीएमएचओ को मैसेज के माध्यम से, डॉ. मनीषा मिश्रा एवं डॉ. अजय पटेल को दूरभाष के माध्यम से महात्मा गांधी चिकित्सालय मे कचरा संग्रहण कार्य मे कार्यरत ठेकेदार पर निगम द्वारा 1 लाख रूपये की चालानी कार्यवाही करने हेतु कहा गया। राशि जमा होने के उपरांत ही महात्मा गांधी चिकित्सालय से गीला एवं सुखा कचरा प्रथक प्रथक लिया जावेगा।

### विजयवर्गीय के बयान को कुछ लोग बेवजह तूल दे रहे हैं : यादव



**बागली।** नव वर्ष में इंदौर स्थित भागीरथ पुरा में दूषित पानी पीने से 18 लोगों की जान चली गई कई लोग गंभीर अवस्था में इलाज रत है प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त सहित जवाबदार लोगों पर करवाई कर दी है। मामले की जांच की जा रही है। इसी दौरान पत्रकारों के किसी सवाल के जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजय वर्गीय का एक बयान काफी चर्चा में आ गया है। सोशल मीडिया पर तोड़ मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। वास्तविक धरातल स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी टीम भागीरथपुरा क्षेत्र में अपना काम कर रही है। प्रशासन अमला भी मृतक परिजनों के घर जाकर लगातार संपर्क कर रहा है। शाषन द्वारा जो भी गाइडलाइन सही होगी वह सहायता प्रभावित परिवारों को दी जाएगी लेकिन इस बीच पत्रकार और मंत्री जी के संवाद को लेकर बेवजह अफवाह फेलाई जा रही है। उक्त बात नगर पालिका महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने कहते हुए बताया कि कैलाश विजय वर्गीय हमेशा मृदु भाषा का उपयोग करते हैं। प्रेस वार्ता में भी वह उचित शब्दों का प्रयोग करते हुए सभी का सम्मान करते हैं। किसी कारणवश कोई शब्द उनके द्वारा यदि कहा गया है तो उसे इतना तूल देने की आवश्यकता नहीं है। उनके कार्यों को जरूर देखा जाना चाहिए परदेसी पुरा भागीरथपुरा क्षेत्र में मंत्री जी सहित पूरा शासकीय अमला पूरे क्षेत्र में सक्रिय होकर लगातार प्रभावित परिवारों के संपर्क में है और प्रभावित नागरिकों का इलाज भी अच्छे चिकित्सकों की देखरेख में चल रहा है। अस्पतालों में दिया गया रुपया भी वापस परिजनों को दिलवा दिया है। हालांकि जो घटना घटी वह दुखद है। प्रभावित परिजनों के प्रति सभी लोगों की संवेदनाएं बनी हुई है। कुछ समय बाद पूरी जांच के तत्व के सामने आने के बाद ही पता लग पाएगा दोषी कौन है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी बागली के पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने बताया कि कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा भागीरथपुरा की घटना को लेकर हो सकता है कोई त्रुटि वश शब्द गलत निकल गए होंगे लेकिन उनकी भावनाएं हमेशा जनहित की रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल व्यवस्था को लेकर अलर्ट जारी

**बागली।** इंदौर महानगर में भागीरथपुरा क्षेत्र में नए वर्ष मे दुषीत पानी के कारण बड़ी त्रासदी सामने आई है इसी चिंता के चलते बागली नगर पंचायत सीएमओ प्रमोद बुरवा ने शनिवार को नगर पंचायत वहन से लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना संदेश जारी करते हुए समस्त नागरिकों को बताया कि जिनके घरों में नलों के माध्यम से सीधा पानी आ रहा है उस पाइप लाइन के आसपास गंदी नाली का पानी मिल रहा है तो तुरंत नगर परिषद को सूचना करें। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने भी कहा की साव धानियो के माध्यम से ही भविष्य की संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सकता है। इंदौर की घटना से हमें सबक लेना बहुत जरूरी है पीने का पानी स्वच्छ रहे यह हम सबके लिए बहुत जरूरी है।

### उस्ताद अमानत अली खां को फूलों की चादर पेश की



**देवास।** संगीत सम्राट उस्ताद रज्जब अली खां संगीत कल्याण समिति के तत्वावधान में 3,जनवरी प्रातः 9.30, बजें भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर के गुरु विश्व के श्रेष्ठ ठुमरी गायिकी में शुमार उस्ताद अमानत अली खां साब की आरामगाह पर 78, वीं पुण्यतिथि पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मनोज राजानी, समिति अध्यक्ष मोहम्मद मुनव्वर खान,स्थानीय पार्षद सोनू परमार, पार्षद प्रतिनिधि वसिम हुसैन, पूर्व एल्डरमेन पार्षद ज़ाकिर उल्ला शेख,मो.कासिम, मिरासी मुस्लिम पंचायत देवास अध्यक्ष सलमान खान, आरिफ़ ख़ान, ग़ालिब ख़ान, राजू खान,अमन ख़ान, याक़ूब ख़ान सहीत बड़ी संख्या में उपस्थित जनों ने कड़ाके की ठंड में फूलों की चादर पेश कर फातेहा ख्वानी पेश कर स्मरण किया। इस अवसर पर समिति की और से पार्षद प्रतिनिधि श्री हुसैन को एक मांग पत्र सौंपा गया,कि स्थानीय पठान कुआं गिरीड के पास रज्जब अली,अमानत अली एवं मशहूर शायर व लेखक नूर देवासी के नाम से भव्य स्वागत द्वार गेट निगम की और से निर्माण किया जाए जिससे आने वाले समय में जन मानस इन की स्मृति को सहज सकें। समिति के मिडिया प्रभारी शाहबुद्दीन मंसूरी ने बताया कि आगामी 8,जनवरी को सुबह 10, बजें श्रेष्ठ संगीतचार्य संगीत सम्राट उस्ताद रज्जब अली खां साब के स्मारक स्थल पर उनकी 67, वीं पुण्यतिथि संगीत प्रेमियों की उपस्थिति में मनाई जाएगी,तथा मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन व नगर निगम देवास के सहयोग से दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 8,9, जनवरी शाम को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में होगा सभी संगीत साधकों एवं गुणी जन उक्त होने वाले गरिमामय आयोजन में शामिल हो।

### यातायात अनुशासन हेतु सशक्त जन-जागरूकता अभियान

**देवास।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार जिले में सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान-माल की क्षति को रोकने के उद्देश्य से देवास पुलिस द्वारा निरंतर ठोस एवं संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस देवास द्वारा एक्रोपॉलिस कॉलेज के 20 अनुशासित एवं जागरूक छात्र-छात्राओं के सहयोग से शहर के प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गों पर यातायात संचालन एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने यातायात टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग किया तथा आम नागरिकों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग एवं मोबाइल फोन के प्रयोग जैसे नियमों के प्रति जागरूक किया।

# अवैध शराब का परिवहन कर रहे दो लोगों को पुलिस ने कार सहित किया गिरफ्तार



**सोनकच्छ।** शुक्रवार को रात्रि में अवैध शराब परिवहन की सूचना पर एसडीओपी दीपा माण्डवे के निर्देशन में टीआई अजय गुर्जर तत्काल मय फोर्स के सूचना की तस्दीक हेतु हमराह फोर्स के ग्राम धतुरिया रोड पर एम्बुश लगाते एक नीले रंग की मारूति स्वीप्ट कार आते दिखी जिसे रोककर चैक करते कार में बैठ दो व्यक्तियों से अपना नाम पता पुछते अपना नाम विशाल दरबार , दिलीप बागवान निवासी सांवेर के होना बताया। कार को चैक करते डिक्की में रखी शराब पेटी अंग्रेजी- देशी सहित कुल 62.280 लीटर अवैध शराब कीमती 28700 रुपये की जप्त कर आरोपी विशाल पिता लाखन दरबार , दिलीप बागवान निवासी सांवेर पर आबकारी अधिनियम की धारा में केस दर्ज न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया है। उक्त कार्रवाई में एसआई हिमांशु पाण्डेय, प्रआर हरिओम यादव, संतोष, विकास, राजेश, कुलदीप, श्यामबिहारी, लक्ष्मण, सुनिल, मोना, देवेन्द्र,अखिलेश की सराहनीय भूमिका रही।

# तहसीलदार ने गंजपुरा का किया निरीक्षण, गंदे पानी को रोकने के लिए सचिव को दिए निर्देश

### कलेक्टर कार्यालय ने लिया संज्ञान तहसीलदार को कार्रवाई के लिए कहा



**सोनकच्छ।** नगर की कालीसिंध नदी में कई महीनों से ग्राम गंजपुरा की नालियों का गंदा पानी मिल रहा था। इस ओर न तो जनप्रतिनिधि और न ही अधिकारी ध्यान दे रहे थे। लगातार आम जनता आक्रोश इनकी लापरवाही से फुटता नजर आ रहा था। इंदौर में भागीरथपुरा के मामले को देखते सोनकच्छ में ऐसी घटना न हो इसलिए नवभारत ने आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शनिवार के अंक में कालीसिंध नदी में मिल रहा है गंजपुरा की नालियों का पानी, यहीं से सोनकच्छ में की जाती है पेयजल की आपूर्ति शीर्षक से प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से तहसीलदार संजय गर्ग को कॉल आया कि उक्त मामले में कार्रवाई करें। जिसके बाद गर्ग शनिवार को ग्राम गंजपुरा पहुंचे व सचिव अम्बाराम चौहान को तत्काल मौके पर आने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने सचिव को सख्त निर्देश दिए है कि, जेसीबी से उक्त स्थल को साफ करने के निर्देश दिए है। साथ ही सोमवार तक नालियों का गंदा पानी रोकने के निर्देश दिए है। अगर ऐसा न होता है तो कलेक्टर को लिखकर देना होगा कि पंचायत कार्रवाई नही कर रही है। साथ ही जिन घरों का गंदा पानी सड़कों पर और नालियों में जा रहा है। उन्हें रोके अगर नही मानते है तो पांच सौ रुपए की चालानी कार्रवाई करने के बाद शासन से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ रोकने की कार्रवाई करें। तहसीलदार ने सख्त लहजे में यह कार्य करने के निर्देश सचिव को दिए है। न करने पर कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई की चेतावनी दी है। तहसीलदार के साथ पटवारी आशुतोष पाठक भी मौजूद थे।

### खबर का असर


नवभारत 03
इंदौर, शनिवार,03 जनवरी 2026

कालीसिंध नदी में मिल रहा गंजपुरा गांव का गंदा पानी

वार्ड 7 में घरों में सप्लाय हो रहा नाली का पानी

इंदौर जैसी घटना होने की आशंका

गंदा पानी, जनता के स्वास्थ्य पर खतरा

नई जगह से मोड़ा गया नाला नदी में काला पानी

6 साल से शिकायत, फिर भी कार्रवाई नहीं

इनका कहना है

अमरदास सेनानी, नप सीएमओ सोनकच्छ

वार्ड 7 में आ रहा नाली का पानी

# पेयजल की गुणवत्ता पर प्रशासन सख्त, वार्ड 44-45 में कलेक्टर, सभापति व आयुक्त का दौरा

### मौके पर लिया पानी का सैंपल



**देवास।** शहरवासियों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और नगर निगम ने जमीनी स्तर पर निगरानी तेज कर दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, निगम सभापति रवि जैन व नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने वार्ड क्रमांक 44 (पालनगर) व 45 (नागदा) का दौरा कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों व सभापति ने न केवल पानी वितरण का जायजा लिया, रहवासियों से सीधे संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान नागदा गणेश मंदिर मार्ग पर पानी बहता पाया गया। इस पर सभापति ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वार्ड में स्वच्छता बेहद आवश्यक। अगर नलों से पानी बह रहा है तो टोटी लगाकर रोके। पानी की एक-एक बूंद कीमती है और इसकी बर्बादी नहीं की जाए। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा, कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के तहत शहर में सप्लाई हो रहे पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल मिले। जहां भी कमी मिलेगी, वहां तुरंत सुधार कराया जाएगा। नगर निगम सभापति रवि जैन ने कहा, कि शहर में पेयजल की गुणवत्ता अच्छी है और निगम लगातार इस पर नजर रखे हुए हैं। नागरिकों से आग्रह है कि अपने नलों में टोटी अवश्य लगाएं, ताकि पानी व्यर्थ न बहे और आसपास जमा न हो। बहता पानी कई बार रिवर्स होकर अन्य नलों तक पहुंच जाता है, जिससे समस्या पैदा होती है। उन्होंने कहा, कि यदि किसी भी क्षेत्र में गंदा पानी आ रहा हो तो तुरंत नगर निगम कॉल सेंटर में सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने कहा कि शहर में शुद्ध पेयजल की सप्लाई हो रही है। हमारी टीम लगातार इसकी मानिटरिंग कर रही है।

इस अवसर पर भाजपा नेता बहादुर मुकाती, निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रामचरण पटेल, मुकेश मोदी, अर्जुन चौधरी, निगम प्रभारी कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री राजेश कौशल सहित निगम के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पालनगर में मौके पर जांच

निरीक्षण के दौरान पालनगर क्षेत्र में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने स्वयं नल से पानी बोतल में भरकर सैंपल लिया। नगर निगम की तकनीकी टीम ने तत्काल मौके पर पानी की जांच की, जिसमें पानी की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाई गई।

# सोनकच्छ में कांग्रेस का राष्ट्रवाद अभियान



**सोनकच्छ।** जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी जनपद पंचायत सोनकच्छ अध्यक्ष सुरज सिंह ठाकुर ,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौदान सिंह पवार, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णपाल सिंह बघेल के नेतृत्व में बुधवार सुबह बिजासन माता मन्दिर स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तिरंगा झंडा सम्मान जनक हाथ में लेकर प्रभात फेरी नगर से होते हुवे सिविल अस्पताल सोनकच्छ पहुंची जहा पर पहले सविधान की प्रस्तावना का वाचन कर ध्वज गीत के साथ राष्ट्गान गाया गया इसके बात उद्बोधन कर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया एवम खातेगांव में नगर पंचायत उपचुनाव में जीत होने पर जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी को हार पहना कर खुशी मनाई गई इस आयोजन में कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर ओम प्रकाश परमार , बनेसिंह अस्तय,सुरेन्द्र कप्तान,अजय जैन यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव बलवानसिंह कुशवाह शैतान सिंह राधेश्याम चौधरी अमरसिंह राजपूत,बबलू दरबार युवा ब्लॉक अध्यक्ष दीपक सिंह कुशवाह, मदनसिंह धनालला बामनिया सोएब पठान राजेंद्र सिंह राजपुत चेतान धौलपुरे वीनू चौधरी बद्रीलाल गवलिया अजय भाटी तेजपाल बघेल यशवंत कुशवाह मोहनसिंह राठौर गोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रेस क्लब वर्किंग जर्नलिस्ट्स सदस्यों ने निंदा प्रस्ताव जारी किया

**बागली।** विगत दिनों इंदौर में घटी घटना के संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकारों के सवाल के जवाब में अपशब्दों का उपयोग करते हुए पत्रकारिता जगत का अपमान किया है। प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के डिजिटल राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील योगी राष्ट्रीय सचिव मुइन अख्तर मीडिया प्रदेश पदाधिकारी डी एल चौहान अरविंद सिंह लोधी मनोज जोशी अनिल धोसरीया आदि ने निंदा प्रस्ताव जारी करते हुए मध्य प्रदेश शासन मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा राज्यपाल मंगू भाई पटेल को पत्र लिखकर मांग की है कि भविष्य में किसी भी पार्टी के कोई भी नेता पत्रकारों के सवालों के जवाब में आम मर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हैं तो उन पर प्रकरण दर्ज होना चाहिए।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दो खालिद कैस ने इंदौर की घटना पर कहां की पत्रकारों का अधिकार है घटना के संबंध में पूरी जानकारी लेने संबंधित स्थान पर प्रशासन उचित तरीके से कार्य कर रहा है कि नहीं यह जनता को मीडिया जगत से ही पता लगता है। ऐसी स्थिति में पत्रकारों के साथ अमर्यादित भाषा उचित नहीं है। यदि मंत्री ही ऐसी बातें करेंगे तो उनके अनुयाई या सहयोगी साथी पत्रकारों के साथ किस प्रकार का व्यवहार आगे करेंगे यह चिंताजनक है। पत्रकार प्रोटेक्शन एक्ट में इन बातों का भी ख्याल रखा जाए जवाब नहीं देना कोई बात नहीं लेकिन मर्यादा पूर्वक शब्दों का चयन बेहद जरूरी है।

**एक नजर** आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम वैद्यानिक कार्रवाई की जा रही है

# अपहरण कर फिरौती मांगने वाले 2 शातिर आरोपी गिरफ्तार






**देवास।** थाना बैंक नोटप्रेस पुलिस के अनुसार फरियादी राजदीप पिता बिहारी सिंह निवासी रामनगर खटाम्बा ने आकर सूचना दी कि उसका भाई अंकित राजपूत खेत पर सिंचाई हेतु गया था,जो रात्रि से घर वापस नहीं लौटा है । सूचना पर से थाना बैंक नोट प्रेस पर गुम इंसान पंजीबद्ध कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल-आर) संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बैंक नोट प्रेस निरीक्षक अमित सोलंकी के नेतृत्व में बैंक नोट प्रेस पुलिस टीम द्वारा गुम इंसान की खोजबीन प्रारंभ की गई । बैंक नोट प्रेस पुलिस द्वारा सीमावर्ती थानों से त्वरित समन्वय स्थापित करते हुए सघन तलाश अभियान चलाया गया । इसी दौरान थाना मंगलवारा जिला भोपाल से सूचना प्राप्त हुई कि अंकित राजपूत नामक युवक मारुति सुजुकी डिजायर कार में संदिग्ध अवस्था में पाया गया है तथा उसके शरीर पर मारपीट के निशान हैं । सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल भोपाल पहुँची,जहाँ अपहृत युवक को दस्तयाब किया गया । पूछताछ में अंकित राजपूत ने बताया कि खेत से घर लौटते समय सफेद रंग की डिजायर कार क्रमांक एमपी09डब्ल्यू जे 4364 में सवार चार युवकों ने उसे जबरन कार में बैठाया,रास्ते में मारपीट की एवं रुपयों की मांग करते हुए उसे भोपाल तक ले गए । विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी राजेश एवं सोनू को गिरफ्तार कर आरोपियो के विरूद्ध थाना बैंक नोट प्रेस पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियो को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई का जा रही है ।